दैनिक प्रातः कालीन हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 02 अंक :- 302 मुरादाबाद, 01 March 2023 (Wednesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## सीएम योगी ने गोरखपुर में सुनी फरियाद, बोले- अधिकारी दें ध्यान, लोग न हों परेशान

जनता दर्शन में बड़ी संख्या में जमीन-जायदाद और इलाज के मामले आए। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में मौजूद अधिकारियों को जमीन की समस्या का समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया। साथ ही इलाज के लिए धन की मांग लेकर आए लोगों पर विशेष ध्यान देने को कहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे लोगों की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। जिन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है तो उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराया जाए। यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए।



हर व्यक्ति की समस्या का निस्तारण समयबद्ध और पारदर्शी रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए। सीएम योगी ने ये निर्देश मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं को सुनने के दौरान दिए।

मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने आयोजित जनता दर्शन में उन्होंने करीब 350 लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान कुछ महिलाओं के साथ आए उनके बच्चों को आशीर्वाद व दुलार देने के साथ उन्होंने चॉकलेट गिफ्ट कर खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### इलाज में भरपूर मदद देने को तत्पर है सरकार

जनता दर्शन में इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार वाले आवेदन अधिक आए थे। मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि सरकार इलाज में भरपूर मदद करने को तत्पर है। किसी के इलाज में धन की बाधा नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि इलाज में आर्थिक सहायता संबंधी आवेदनों में इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराएं। इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण होते ही धनराशि आवंटित कर दी जाएगी।

### गोवंश को दुलार सीएम योगी ने खिलाया गुड़ चना

गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों की समस्याओं को सुनने के पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परम्परागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन व अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेकने के बाद सीएम योगी ने गोशाला में भी कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में उनकी आवाज पर गोवंश उनके पास यूं चले आए जैसे घर के मुखिया के बुलाने पर बच्चे चले आते हैं। उन्होंने गोवंश को दुलारा और अपने हाथों से गुड़ चना खिलाया। सीएम योगी की स्नेह की भाषा और उनके आत्मीय सानिध्य में गोवंश की भाव भंगिमा भाव विह्वल करने वाली थी।

## यूपी विधानसभा में बजट पर चर्चा : अखिलेश ने किया सरकार पर हमला, बजट को बताया दिशाहीन, कानून व्यवस्था बदहाल

अखिलेश ने कहा कि भाजपा देश के बड़े विपक्षी नेताओं के खिलाफ तमाम तरह की साजिश कर रही है। षडयंत्र कर ईडी और सीबीआई का प्रयोग कर लोकसभा चुनाव 2024 को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है। यूपी विधानसभा में अखिलेश यादव ने सरकार पर हमला करते हुए कहा कि यूपी की स्थिति अभी सुधरी नहीं है। बजट को दिशाहीन बताते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बदहाल हालत में है। किसानों की हालत दयनीय हो गई है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री माफियाओं को मिट्टी में मिलाने का दावा करते हैं, लेकिन पहले सूची दें, ताकि जनता भी जाने कि माफिया कौन लोग हैं? प्रदेश की जनता यह जानना चाहती है तो फिर सरकार पीछे क्यों हट रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश को प्रधानमंत्री देता है। लोकसभा चुनाव उत्तर प्रदेश का बहुत बड़ा चुनाव है। भाजपा देश के बड़े विपक्षी नेताओं के



खिलाफ तमाम तरह की साजिश कर रही है। षडयंत्र कर ईडी और सीबीआई का प्रयोग कर लोकसभा चुनाव 2024 को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है। भाजपा महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को दबाने के लिए जबरन विपक्षी नेताओं को फर्जी केस में फंसाती है। भाजपा लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। भाजपा के इन हथकंड़ों से संघर्षशील नेता और कार्यकर्ता डरने वाले नहीं है। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सिर्फ 4 प्रतिशत बेरोजगारी दर बताई जा रही है। इसका मतलब क्या 90 प्रतिशत बेरोजगारों को रोजगार मिल गया है? गैस सिलेंडर, दूध, आटा, दाल सब महंगा हो गया है। महंगाई से लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। भाजपा के पास महंगाई कम करने का कोई भी जवाब नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का किसान छला गया है। उसको न तो एमएसपी मिली नहीं उसकी आय दोगुनी हुई। गन्ना किसान को बकाया भुगतान भी नहीं मिला। भाजपा ने जिस उद्योगपति को बढ़ाया था और दुनिया में नंबर 2 पर पहुंचा दिया था, वह 20 लाख करोड़ रुपये के घाटे में चला गया है। एलआईसी और एसबीआई जैसी सरकारी संस्थाओं का पैसा डूब गया रकार कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है?

## अतीक की पत्नी शाइस्ता प्रकरण के बहाने मायावती का मुस्लिमों को संदेश, जांच के बाद ही एक्शन


विधानसभा चुनाव 2022 में बसपा की हालत खराब हो गई। इससे पहले बसपा दलितों के साथ-साथ मुस्लिमों का भी साथ पाकर सत्ता के शीर्ष तक पहुंची थीं। हाल के चुनावों में बसपा को पहले की तरह मुस्लिमों का समर्थन नहीं मिल पा रहा है। अब बसपा मुस्लिमों को फिर से जोड़ने की तैयारी कर रही है। अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन के बहाने बसपा सुप्रीमो मायावती मुस्लिमों को संदेश देने की कोशिश कर रहीं हैं कि बसपा उनकी खैरख्वाह है। मात्र आरोप प्रत्यारोप से वह शाइस्ता को पार्टी से बाहर नहीं करेगी। विधानसभा चुनाव 2022 में बसपा की हालत खराब हो गई। इससे पहले बसपा दलितों के साथ-साथ मुस्लिमों का भी साथ पाकर सत्ता के शीर्ष तक पहुंची थीं। हाल के चुनावों में बसपा को पहले की तरह मुस्लिमों का समर्थन नहीं मिल पा रहा है। अब बसपा मुस्लिमों को फिर से जोड़ने की तैयारी कर रही है। लगातार इन पर फोकस किया जा रहा है। प्रयागराज प्रकरण में अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। मायावती ने



मंशा साफ कर दी है कि शाइस्ता को जांच में दोषी साबित होने के बाद ही पार्टी से निष्कासित किया जाएगा। मायावती छोटी छोटी गलतियों पर पार्टी पदाधिकारियों को बाहर का रास्ता दिखाती रहीं हैं। शाइस्ता प्रकरण की प्रदेश भर में गूंज होने के बावजूद मायावती ने साफ किया है कि जांच के बाद ही कोई एक्शन होगा। यानी मायावती मुस्लिमों को संदेश देने की कोशिश कर रही हैं कि वह मुस्लिमों के साथ हैं। बावजूद इसके कि उन्होंने यह कहने में भी गुरेज नहीं किया कि अतीक समाजवादी पार्टी का ही प्रोडक्ट है। लेकिन शाइस्ता पर निर्णय बाद में छोड़ा गया। यह भी बताने की पूरी कोशिश की जा रही है कि चाहे हालात जैसे भी हों, बसपा मुस्लिमों के साथ खड़ी होगी। बसपा सुप्रीमो मायावती ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि यह बात सभी जानते हैं कि अतीक अहमद समाजवादी पार्टी का ही प्रोडक्ट है। राजूपाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल एवं उनके गनर की हत्या के मामले में अतीक अहमद की पत्नी और बेटे के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज हुआ है। मायावती ने ट्वीट कर कहा कि बसपा इस मामले को गंभीरता से ले रही है। उन्होंने कहा कि अतीक सपा से एमएलए और एमपी रहा है। अब राजू पाल की पत्नी भी बसपा से उसी सपा में चली गई, जिसे वह मुख्य दोषी ठहराती थीं। ऐसे में इसकी आड़ में कोई भी राजनीति करना ठीक नहीं है। मायावती ने कहा, बसपा किसी भी अपराध की सजा उसके परिवार या समाज के किसी भी निर्दोष व्यक्ति को नहीं देती है। यह भी सच है कि पार्टी किसी भी जाति व धर्म के आपराधिक तत्वों को बढ़ावा नहीं देती है। उल्लेखनीय है कि शाइस्ता को बसपा ने प्रयागराज से महापौर पद का प्रत्याशी घोषित किया है।

## सदाकत खान का गाजीपुर कनेक्शन आया सामने, ग्रामीण बोले- यकीन ही नहीं हो रहा

प्रयागराज में बीते दिनों उमेश पाल हत्याकांड की प्लानिंग करने में गाजीपर के बारा गांव निवासी युवक सदाकत खान की गोरखपुर से हुई गिरफ्तारी के बाद गांव में सनसनी फैल गई है। दरअसल, सदाकत इलाहबाद हाईकोर्ट में वकालत करता है। वो प्रयागराज स्थित मुस्लिम हॉस्टल के कमरे में रहता था। यूपी पुलिस एसटीएफ प्रमुख और अपर पुलिस महानिदेशक, आईपीएस अमिताभ यश ने इसकी पुष्टि की कि उमेश हत्याकांड की योजना को अंतिम रूप दिए जाने की अहम बैठकें सदाकत के कमरे पर ही हुई थीं। सूबे की सरकार में कोहराम मचा देने वाले प्रयागराज दोहरे हत्याकांड में सदाकत खान की गिरफ्तारी से उसके गांव में हलचल है। सूबे की सरकार में कोहराम मचा देने वाले प्रयागराज दोहरे हत्याकांड में सदाकत खान की गिरफ्तारी से उसके गाजीपुर स्थित गांव में हलचल है। सदाकत आखिर अपराधियों के संपर्क में कैसे आया इस सवाल को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। सदाकत के पिता दिल्ली में सिक्योरिटी गार्ड- सदाकत आखिर अपराधियों के संपर्क में कैसे आया इस सवाल को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। गांव में सदाकत की



किसी से कभी कोई विवाद तक नहीं हुआ और ना ही उस पर कोई मुकदमा है। सदाकत संपन्न और शरीफ परिवार से है। ऐसे में ग्रामीणों को यकीन ही नहीं हो रहा कि सदाकत का कैसे उमेश पाल डबल मर्डर से लिंक हो सकेगा। सदाकत के पिता शमशाद खान दिल्ली में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं। सदाकत इलाहबाद विश्वविद्यालय में छात्रसंघ का नेता भी रह चुका है। इस संबंध में गहमर कोतवाल पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि सदाकत की गिरफ्तारी के संबंध में फिलहाल कोतवाली में कोई जानकारी नहीं आई है। जानकारी आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। असल अभी तक इस कांड में मुख्तार अंसारी की कोई भूमिका नहीं मिली है। आगे की जांच में अगर वो कहीं आता है तो इस पर फिलहाल कुछ कहना मुश्किल है। मुख्य रूप से अब तक उमेश पाल हत्याकांड कांड में अहमदाबाद जेल में बंद माफिया अतीक अहमद और बरेली सेंट्रल जेल में बंद उसके भाई अशरफ का ही हाथ सामने आ रहा है।

## देवरहा बाबा आश्रम में मोहन भागवत ने तीसरी बार लिया अखंड भारत का संकल्प, लगाया 51 मन लड्डू का भोग



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर संघ चालक मोहन भागवत सोमवार शाम मिर्जापुर पहुंचे। देवरहा हंस बाबा आश्रम में रात्रि विश्राम किया। मंगलवार सुबह उन्होंने देवरहा बाबा हंस आश्रम के साथ ही विंध्य धाम में दर्शन-पूजन किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघ चालक मोहन भागवत ने मंगलवार सुबह विंध्याचल महुआरी कला स्थित देवरहा बाबा हंस आश्रम में अखंड भारत निर्माण को लेकर तीसरी बार संकल्प लिया। देवरहा हंस बाबा ने संघ प्रमुख से कहा कि चीन और पाकिस्तान का सर्वनाश हो जाएगा। पाकिस्तान कंगाल हो गया है। कटोरा लेकर घूम रहा है पर उसे कुछ मिलेगा नहीं। खंडहर होने के कगार पर है। कैलाश मानसरोवर के साथ ही 40 हजार स्क्वायर किलोमीटर भूमि को चीन से वापस लाकर अखंड भारत का निर्माण करना है। इसके साथ ही उन्होंने अखंड भारत निर्माण को लेकर तीसरी बार संकल्प दिलाया। आरएसएस प्रमुख सोमवार शाम देवराहा हंस आश्रम पहुंचे थे। सर्वप्रथम बाबा से मुलाकात की। बाबा के समक्ष संकल्प के साथ ही पाकिस्तान की कंगाली पर कृतज्ञता भी व्यक्त की। आरएसएस प्रमुख सोमवार को बाबा से मुलाकात कर अपने कक्ष में चले गए और वहीं प्रसाद पाया। मंगलवार सुबह स्नान ध्यान के बाद संकट मोचन हनुमान मंदिर में 51 मन लड्डू का प्रसाद का भोगा लगाया और हवन किया। इसके बाद परिसर स्थित ब्रह्मऋर्षि देवरहा बाबा गीता मानस मंदिर में गए। वहां बाबा के द्वारा स्पर्श कर रखे गए गीता और मानस की दो शिलाएं आरएसएस प्रमुख के हाथ से लगवाई गईं। इसके बाद वो ब्रह्मऋषि देवरहा बाबा मंच धाम गए और वहां तीसरी बार अखंड भारत का संकल्प लिया। आरएसएस प्रमुख को प्रसाद दिया। ब्रह्मवेत्ता श्री देवरहा हंस बाबा ट्रस्ट के ट्रस्टी अतुल कुमार सक्सेना ने बताया कि प्रसाद पीएम, प्रदेशों के सीएम सहित देश के कोने-कोने में भेजा जाएगा। इसके बाद आरएसएस प्रमुख विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। साथ ही विंध्य धाम कॉरिडोर का कार्य देखा। इसके बाद प्रयागराज रवाना हो गए। आश्रम में भागवत की यह तीसरी यात्रा है। छह माह पहले भी वे यहां आए थे। तब भी हनुमान जी का पूजन कर 51 मन लड्डू का भोग लगाया था।

## संपादकीय Editorial

# Meaning of Raipur session


A shout has been filled from the Raipur General Assembly of Congress, which clearly means that now we have to fight. Have to struggle. Nothing will be achieved by crying, so we have to fight many battles from Mandal to National level. Those who cannot walk with Rahul Gandhi in this fight or are not ready to fight, they should step aside. At present, the Congress has fixed a time limit of three months, during which the direction and condition of the fight should become clear. During this period the fight of Congress will be limited to PM Modi, BJP, RSS, hate and fear, destruction of constitution and democracy, misuse of government investigative agencies etc. or will be fought for wider socio-economic, national issues as well. Will be clear during three months. The most important 'Kurukshetra' of the war has been decided - East India Company in the form of Adani. That is, the Congress will take an aggressive stand on the mutual relations between Prime Minister Modi and Adani and the country being ruined by them. Through this, efforts will also be made to pierce the issue of BJP's traditional 'nationalism'.

Just like the war of independence was fought against the East India Company during the British Empire, in the same way political attacks will be made on Adani's companies and through them Prime Minister Modi and the BJP, which are draining the country's economic resources. What's new in this? If this was all to be done, then what was the need to call the Raipur Mahadheeshan and spend crores of rupees on it? The same words, the same attitude, the same issues, which have been spoken for a long time, prevailed in the speeches of former Congress presidents-Sonia and Rahul Gandhi-present president Mallikarjun Kharge during the convention. Everything was said in the speeches of the Parliament, which were repeated continuously during the General Assembly. The only difference was that for the first time in the context of the Congress, words like 'roar and fight' resonated so much in the current period. The second part of 'Bharat Jodo Yatra', which will start from Arunachal Pradesh and end at Porbandar in Gujarat, the birth place of Mahatma Gandhi, has become public a few days ago through TV channels and newspapers.

What was new in this too? Apart from this, inflation, unemployment, employment through micro-small industries, ending economic inequality, ensuring that food providers do not sleep hungry, protecting people's rights, protecting culture-constitution-democracy, etc., are the goals set by the Congress during the convention. The party should tell the country which is the new issue and how it can be achieved. A long list of these issues could have been issued from the Congress Headquarters at 24, Akbar Road. A time limit could be fixed for the district and divisional presidents. What was the need of the convention? The Congress definitely did this much that the election of the national president was sealed. In the apex Congress Working Committee, instead of 23, now 35 members will be nominated. The Speaker will nominate them. The number of AICC members has been increased to 1653 and 50 per cent of the posts in the party will be reserved for those below 50 years of age. Now it will be significant to see who these young Congressmen are and how effective they prove to be for the party? It also became clear that the Congress is ready to 'bend' at any level for the sake of opposition unity. Now the standards of the politics of 2024 can be set by the decisions of the Congress.

# Congress General Conference: Difficult challenges of power struggle, how will be the political future?

This was the 85th Congress of the All India Congress Committee, in which Congress leaders and representatives from all the states and union territories participated. Before independence, the general convention of the Congress used to be held every year. This convention was also organized in view of the current political challenges in the country, the politics of hatred and the upcoming Lok Sabha elections. The country's oldest political party, the Congress, is being assessed in its own way in the political circles about whether the country will benefit or not from the three-day plenary session held in Raipur. The main points that have emerged in this convention are – Congress has resolved to fight with full force in the Lok Sabha elections to be held next year. Second, the party will do everything possible to defeat the BJP and communal forces. Third, will give full attention to the issue of social justice. Fourth, the direct attack on Prime Minister Narendra Modi will continue on the pretext of controversial industrialist Gautam Adani. Fifth, every effort will be made to bring the youth forward in the party. Sixth, the Congress will unite like-minded opposition parties and seventh, whosoever is the president of the party, the real command will remain in the hands of the Gandhi family. This was the 85th General Convention of the Indian Congress Committee – This was the 85th General Convention of the All India Congress Committee, in which Congress leaders and representatives from all the states and union territories participated. Before independence, the general convention of the Congress used to be held every year. But after independence its enthusiasm waned and the party became more power-oriented. This convention held in Raipur has also happened after five years. It can also be understood that the Congress holds its general convention before the general elections. The last convention was held in 2018 in New Delhi. Such a gap in the general meetings proves to be an obstacle in creating tightness in the organizational structure of a certain party. This convention was also organized in view of the current political challenges in the country, the politics of hatred and the upcoming Lok Sabha elections. In this convention, Congress leaders Sonia Gandhi and Rahul Gandhi have tried to give the message that the party has now started deliberating and taking decisions on its own, but by the third and final day, it became clear that Mallikarjun Even if there is an elected president like Kharge, the real command is going to remain in the hands of Rahul Gandhi. It is up to Rahul Gandhi to control and steer a Congress divided into factions and infighting from top to bottom after the successful 'Bharat Jodo Yatra'. Benefits to the party from 'Bharat Jodo Yatra'- Almost every leader in the General Assembly praised the 'Bharat Jodo Yatra'. In this, along with Rahul Bhakti, there was also a good sign of getting rid of the disappointment among the workers. It was believed that due to this uninterrupted visit of Rahul, a favorable environment has been created for the opposition in the country. So Rahul will now travel on foot to connect East to West in the country. Due to this, the atmosphere in favor of Congress will become more intense. Former president Sonia Gandhi's speech in the convention was taken to mean that she now wants to retire. But due to the apprehension of sending a wrong message among the workers, any such possibility was denied on the very next day. This also confirmed the fact that Congress cannot run even two steps without the Gandhi family. In his speech at the convention, Rahul Gandhi fiercely attacked Modi and the BJP government and said that my aim is to end the atmosphere of hatred in the country and give the message of peace and love. He even said that they (Gandhi family) did not have their own house for 52 years. 'Satyagrahi' vs 'Sattagrahi' - This may be technically true, but the Gandhi family and the state power have been synonymous with each other. In such a situation, whether it is in direct power or has a special status as an opposition public representative, the Gandhi family has been getting all the facilities from the government exchequer. In such a situation, the matter of not having a private house would hardly appeal to the people. Rahul described the Congress and himself as 'satyagrahis' and the BJP as 'sattagrahis'. That is, the BJP and the RSS can do anything for power, while the Congress has always fought for 'truth'. While the fact is that out of 75 years of independence, Congress has been in power at the Center for 54 years. In the remaining 21 years, the BJP was in power for a total of 15 years, the Janata Party for 3 years, the Janata Dal for 1 year and the United Front government (which also had the support of the Congress) for about 2 years. If the Congress says that it was elected by the people, then the same applies to the BJP. One of the fruits of the convention is the resolution by the Congress workers of 'Sacrifice, penance and sacrifice...First of all Hindustan and join hands'. Congress had started 'Join hands with hands' campaign to give the message of unity and brotherhood in the country. But the real challenge lies within the party. In the General Convention also, there were indications that before 'joining hands', it is more important to 'join the minds' of the party leaders. Some leaders of Madhya Pradesh Congress remained absent in important meetings. On the contrary, some people had accepted the convention as a celebration of mutual complaints, after which Rahul Gandhi had to be strictly told not to come to me with such complaints. The ground reality of 'Join hands with hands' is that today the number of people leaving Congress is increasing more than those coming. How to control it, people .How to see its political future in Congress should be a major concern of the party. The question of internal democracy in political parties- In the convention, the party showed the spirit to fight the BJP and save democracy. On the other hand, the elected AB president of the party decided to abolish the system of elected members in the Congress Working Committee and start the nomination system. The logic was the same that the election of CWC members before the elections would lead to further internal divisions. The irony is that internal democracy is absent in almost all the political parties fighting for democracy in the democratic system in India and crying out for it every moment. This happened long ago in Congress (after many years the president is elected there), but now it has started in parties like BJP as well. To put it bluntly, the sword of power first falls on the internal democracy of the parties. As for the political benefit of this convention, it will be decided by the results of the upcoming elections. If the party makes Adani a core issue, then it is possible that the corporate sector of the country will be upset with the Congress. Secondly, if there will be repeated attacks on Modi in the guise of Adani, then it is possible that as usual, Modi will make him his strength. This issue can also be a boomerang for the Congress. Anyway, 'Save Modi Campaign' has already started undeclared. By the time the Lok Sabha elections come, it will be the most important issue of the election, Congress should understand this. If this happens then the polarization of votes will be only 'in favor of or against Modi'. Congress will remain in loss in this. Congress has taken the right decision to raise the issue of social justice loudly and to make changes in the organization itself accordingly. This will send a positive message, but many non-Congress opposition parties are also doing politics on this issue, in such a situation, there can be a clash on who will get the political cream. In the convention, the Congress has spoken of an alliance with like-minded political parties. Anyway, she is still leading the UPA. But it is difficult to bring together the ruling or major opposition parties of those states. Such as TMC, Samajwadi Party, Aam Aadmi Party, YSR Congress, Telugu Desam, Akali Dal, Bahujan Samaj Party, CPI(M) etc. All of them will come together under the Congress flag and sacrifice their political interests and make electoral compromises on the seats, there is no possibility of that. This has happened in the country only in 1977, but the situation is not like that now. All eyes on the performance of the Congress in the elections – The most important thing is the performance of the Congress in the elections. The ground truth is that the Congress organization is still not very strong. There is a lack of discipline and commitment, while it is competing with a party like BJP, which runs and runs in election mode 24 hours a day. Whether or not a grand alliance will be formed in the next election under the leadership of the Congress will also depend on the results of the nine state assembly elections to be held this year. If the Congress is able to perform well in these states, it will be in a position to lead the opposition in the next Lok Sabha elections and its dream of seeing an opposition government at the Center will also be fulfilled when the Congress itself will win more than a hundred Lok Sabha seats on its own. . It can get some benefit from the anger of the people with the BJP and the Modi government, but it also needs a capable machinery to properly capitalize on that anger. As far as Rahul Gandhi's chances of becoming the next Prime Minister or Congress coming back to power under his leadership, it all depends on the authority and decisiveness with which he leads his party in harmony and harmony. We do. Because being a great traveler is one thing and becoming a master of power is a different thing.



# कार्यालयों में फरियाद लेकर आने वाले व्यक्तियों से अधिकारी सम्मानपूर्वक बात करें

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
मुरादाबाद -माननीय मुख्यमंत्री जी के सर्वोच्च प्राथमिकता कार्यक्रमों व अन्य विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक मंडलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में आहूत की गई। आयुक्त द्वारा समस्त जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्त सरकारी भूमि का चिन्हाकन करें व चरागाह की जमीनों पर पशुओं हेतु नेपियर घास की व्यवस्था की जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में यह निर्देश दिए गए की हर स्तर पर दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को दवाइयों के वेयर हाउस का निरीक्षण कर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व् ग्रामीण में अनियमितता पर कडी कार्यवाही की चेतावनी दी गई। आयुक्त ने राशन वितरण के संबंध में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि वह अभियान चलवाकर कार्य करवायें तथा नियमित जांच हेतु संबंधित अधिकारियों को लगायें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि रिक्त दुकानों की स्थिति को गम्भीरता से लें तथा जल्द से जल्द दुकानों को नियुक्त करें। उन्होंने कहा कि किसानों को बॉस की खेती के लिए प्रोत्साहित करें जिससे उनकी आय का जरिया बढेगा और ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाभ मिलेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि राष्ट्रीय पारिवारिक योजना में पेन्डेंसी को कम की जाये और उन्होंने कहा कि विधवा पेंशन योजना के अर्न्तगत आधार का सही से प्रमाणीकरण कराकर ही भुगतान सुनिश्चित करवाया जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि गन्ना मूल्य का भुगतान तय समय से सुनिश्चित करवाया जाये। उन्होंने सभी सीडीओ को निर्देश दिये कि कस्तूरबा गांधी स्कूल की प्रगति पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेटर्स समिट-2023 के दौरान जो एम0ओ0यू0 हुए थे उसको सभी जिलाधिकारी समय-समय पर निरन्तर देखते रहें और प्रगति सुनिश्चित कराते रहें। उन्होंने कहा कि हर ग्राम पंचायत में खेल के मैदान के लिए मिट्टी डलवाकर एक टैऊक्र बनवाने की प्रक्रिया श ुरु की जाये। उन्होंने ए0डी0 बेसिक को निर्देश दिये कि जल्द से जल्द सभी स्कूलों की वांउड्रीवाल का कार्य पूर्ण करायें। उन्होंने सभी बीएसए को निर्देश दिये कि जर्जर विद्यालयों की स्थिति पर ध्यान दें तथा अत्यन्त खराब स्थिति के स्कूलों को समय रहते ध्वस्त करवायें जिससे किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। इस पर ए0डी0 बेसिक ने मण्डलायुक्त को अवगत कराया कि रामपुर में 174, सम्भल 252 विद्यालयों का ध्वस्तीकरण के लिए कार्यवाही की जा रही है। पीएम आवास योजना के अर्न्तगत मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि पेन्डेन्सी को कम किया जाये और कोशिश की जाए कि कोई पात्र लाभार्थी योजना से वंचित न रहें। आयुक्त ने सभी मुख्य चिकित्साधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिये कि आपसी तालमेल के साथ सभी आंगवानवाडी कार्यकत्रियों का भुगतान समय से करवाना सुनिश्चित करे तथा उन्होंने सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिये कि जो आशा वर्कर काम नही कर रही है उसको हटाने की कार्यवाही की जाए तथा आशा वर्कर की नियमित विजिट को सुनिश्चित करवाया जाये। उन्होंने ए0डी0 हेल्थ को निर्देश दिये कि सभी बिन्दुओं की प्रगति रिपोर्ट उनके समक्ष प्रस्तुत करें। हेल्थ और वेलनेस सेन्टर निर्माण की प्रगति पर आयुक्त ने कहा कि जल्द से जल्द पेन्डेन्सी को कम करके ब्राण्डिंग की शुरुआत करवायें तथा उन्होंने कहा कि सभी सी0एच0ओ0 हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर पर गम्भीरता से ध्यान दें। समीक्षा बैठक में मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विभागों में जनता का आना जाना रहता है वहां शौचालय, शुद्ध पेयजल एवं बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराये। आई0जी0आर0एस0 एवं मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज होने वाली शिकायतों के संबंध में भी गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न होने तथा शिकायत कर्ताओं द्वारा आयुक्त कार्यालय में शिकायतें देने के संबंध में आयुक्त ने अधिकारियों को सचेत किया कि पुनः कोई शिकायत लेकर आता है तो उच्च स्तर का अधिकारी इसकी जांच करें और शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। आयुक्त ने मण्डलीय अधिकारीगण को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का भौतिक सत्यापन मौके पर जाकर फील्ड में देखें तथा सभी अधिकारी टीम भावना एवं समन्वय के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। आयुक्त ने सभी जिलाधिकारियों एवं मुख्य विकास अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारण कर विकास कार्यो की सतत् मानीटरिंग एवं सुपरविजन करने के भी निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी मुरादाबाद शैलेन्द्र कुमार सिंह, अमरोहा बालकृष्ण त्रिपाठी, बिजनौर उमेश मिश्रा, जिलाधिकारी सम्भल मनीश बंसल, जिलाधिकारी रामपुर रबिन्द्र कुमार मांदड़, अपर आयुक्त प्रशासन श्री बी0एन0 यादव, संयुक्त विकास आयुक्त श्रीकृष्ण पाण्डेय, डिप्टी कमिश्नर गजेन्द्र प्रताप सिंह, सीडीओ मुरादाबाद सुमित यादव सहित सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी, ए0डी0 हेल्थ, अपरा, संयुक्त निदेशक कृषि, डब्ल्यूएचओ एवं यूनिसेफ के प्रतिनीधि सहित एस0ई0 सिंचाई, विद्युत, लोक निर्माण विभाग, उप निदेशक समाज कल्याण, उप निदेशक पूर्ति, उप निदेशक उद्यान, उप निदेशक प्रोबेशन, उप निदेशक पंचायतीराज, पशुपालन, सेतु, आईसीडीएस आदि विभागों के मण्डलीय अधिकारीगण उपस्थित थे।



# भाकियू ने पांच घंटे तक कलक्ट्रेट में दिया धरना

मुरादाबाद। भारतीय किसान यूनियन ने गन्ना मूल्य बढ़ाने सहित दस सूत्री मांगों को लेकर एडिशनल कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा और पांच घंटे तक कलक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किया। दोनों एडीएम के आश्वासन देने पर किसानों ने धरना समाप्त कर दिया। भाकियू के राष्ट्रीय सचिव नौ सिंह और प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह के नेतृत्व में किसानों ने मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचकर एडिशनल कमिश्नर बीएन यादव को दस सूत्री ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना था कि किसानों के गन्ने के मूल्य का भुगतान 14 दिन में नहीं हो रहा है।

अभी तक सरकार ने गन्ने का मूल्य नहीं बढ़ाया। आलू के लिए सरकार को शीघ्र सरकारी खरीद सेंटर खोलना चाहिए। पूरे जिले में फुंके ट्रांसफार्मर को 24 घंटे में बदला जाए। विद्युत मीटर लगाने की बाध्यता समाप्त किया जाए। रामपुर जिले में ग्रीष्म कालीन धान लगाने की अनुमति मिलनी चाहिए।

किसानों को ट्यूबवेल लगाने के लिए सामान मिल गए हैं। उनको शीघ्र विद्युत आपूर्ति करना होगा। संभल जिले में सहकारिता, बिजली, मंडी मुरादाबाद की जगह संभल से संचालित करने की व्यवस्था बनानी चाहिए। गंगा एक्सप्रेस वे के सीमांकन में किसानों की ज्यादा जमीन कब्जा की जा रही है। इसकी जांच कराकर बैनामे के मुताबिक जमीन लेना चाहिए। ब्लॉक मुंढापांडे में 1196 किसानों की बाढ़ में फसल नष्ट हुई थी लेकिन मुआवजा अभी तक नहीं मिल सका।

बुंदकी हरिकेश इंडस्ट्रीज जिला बिजनौर किसानों को गन्ना पुराने रेट पर लेकर मैली खाद किसानों को ओवर रेट पर बेच रही है। किसानों को यहां लूटा जा रहा है। एनएच 74 अफजलगढ़ से लेकर भागूवाला तक सैकड़ों जगह सड़क टूट चुकी है। इस सड़क की स्थलीय जांच कराकर किसानों के सामने निर्माण कराया जाना चाहिए। ज्ञापन देने के बाद भाकियू के पदाधिकारी डिलारी की राशन दुकानों की जांच सहित मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर धरना देने लगे। किसानों का कहना था कि इन मामलों में डेरा डाला जाएगा। रात करीब आठ बजे एडीएम प्रशासन सुरेंद्र सिंह और एडीएम सिटी आलोक वर्मा ने दुकानों की जांच सहित मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिए। दोनों अधिकारियों की बात भाकियू के नेताओं ने मान ली और धरना समाप्त कर दिए। धरने पर मंडल अध्यक्ष बाबू राम तोमर, चंद्रपाल सिंह, जय सिंह, जगजीत सिंह आदि किसान मौजूद थे।

# आजम और अब्दुल्ला की सजा स्थगन आदेश की अपील खारिज, छजलैट मामले में दो साल कारावास की मिली है सजा

मुरादाबाद- छजलैट मामले में दो साल के कारावास की सजा पाए सपा नेता आजम खां और अब्दुल्ला आजम ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के फैसले के खिलाफ सेंशन कोर्ट में अपील दाखिल की थी। जिसमें दोनों दोषियों के द्वारा सजा पर स्थगन आदेश के लिए अपील की गई थी। दो दिनों की जिरह के बाद एमपी-एमएलए सेंशन कोर्ट ने उनकी अपील को खारिज कर दिया।छजलैट विवाद में सपा नेता आजम खान और अब्दुल्ला आजम को एमपी एमएलए कोर्ट ने दोषी करार दिया है। इसके साथ ही इस मामले में आरोपित सात आरोपितों को कोर्ट ने बरी कर दिया था। कोर्ट ने आजम खां और उनके बेटे को दो-दो साल की सजा सुनाई थी। इसके साथ ही दोनों पर दो-दो हजार का जुर्माना भी लगाया गया था। मामले में दो साल के कारावास की सजा




पाए सपा नेता आजम खां और अब्दुल्ला आजम ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के फैसले के खिलाफ सेंशन कोर्ट में अपील दाखिल की थी। जिसमें दोनों दोषियों के द्वारा सजा पर स्थगन आदेश के लिए अपील की गई थी। दो दिनों की जिरह के बाद एमपी-एमएलए सेंशन कोर्ट ने उनकी अपील को खारिज कर दिया। वहीं इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 15 मार्च की तारीख दी है।

## साल 2008 का है मामला

साल 2008 में छजलैट थाना क्षेत्र में कार चेकिंग करने के विरोध में आजम खान और उनके समर्थकों ने रोड जाम करके विरोध प्रदर्शन किया था। इ
स मामले में पुलिस ने आजम खान उनके बेटे अब्दुल्लाह आजम, अमरोहा से विधायक महबूब अली, पूर्व विधायक नईम उल हसन, बिजनौर के नगीना से विधायक मनोज पारस, डीपी यादव, राजेश यादव, पूर्व विधायक हाजी इकराम कुरैशी व राजकुमार प्रजापति को नामजद किया था।

# खुद को दिखी रोशनी तो अब दूसरों को दिखा रहे शिक्षा की राह

मुरादाबाद- लीक से हटकर कुछ अलग करने का जुनून हो तो बड़ी से बडी आपदा भी अवसर में तब्दील हो जाती हैं। कांठ में संचालित कक्षा केंद्र इसे चरितार्थ कर रहा है। कोरोना काल में दो दोस्तों रजत प्रभाकर व अभिषेक विश्नोई ने ऑनलाइन कोचिंग शुरू की थी। जो अब स्टार्ट अप का रूप ले चुकी है। दोनों दोस्तों की उम्र महज 27 वर्ष है। इस स्टार्ट अप से वे दो लाख रुपये माह तक अर्जित कर रहे हैं। इसमें विद्यार्थियों को तकनीक के जरिये शिक्षा में नवाचार से जोड़ा जा रहा है। जल्द ही इसे राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने की तैयारी चल रही है। कक्षा केंद्र में नर्सरी ने कक्षा 12 तक के 300 छात्र कोचिंग लेते हैं। उनकी वेबसाइट व यूट्यूब चैनल से सैकड़ों छात्र जुड़े हैं। आर्थिक रूप से अक्षम कुछ विद्यार्थियों को यहां न सिर्फ निशुल्क कोचिंग दी जा रही





है। बल्कि उनके स्कूल का खर्च भी उठाया जा रहा है। ऐसा हम नहीं बल्कि कक्षा केंद्र में शिक्षा पा रहे कांठ के छात्र बोल रहे हैं। शिक्षा में नवाचार के लिए दोनों दोस्तों को कांठ के एसडीएम सम्मानित कर चुके हैं। स्वीप कार्यक्रम में तकनीकी सहायता के लिए डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने भी उन्हें पुरस्कृत किया था। मजबूरी में ट्यूशन शुरू किया था कक्षा केंद्र के संचालक रजत प्रभाकर ने बताया कि उन्होंने 2012 में खर्चे पूरे न होने के कारण मजबूरी में ट्यूशन पढ़ाना शुरू किया था। एयरफोर्स की परीक्षा भी दी, जिसमें प्रथम रैंक प्राप्त की लेकिन मेडिकल में अनफिट हो गए। इसके बाद ट्यूशन पढ़ाते रहे। 2019 में दोस्त ने सुझाव दिया कि मिलकर कोचिंग शुरू करते हैं। 2020 में लॉकडाउन लगा तो यह प्लान भी ठप पड़ने की कगार पर था लेकिन, दोनों दोस्तों ने मोबाइल से पीडीएफ व ऑडियो रिकॉर्डिंग से टॉपिक पढ़ाने शुरू किए।

## सात विद्यार्थियों के 100 में 100 अंक

ऑडियो रिकॉर्डिंग से शुरू हुआ ये सिलसिला अब स्टूडियो तक पहुंच चुका है। कक्षा केंद्र में हाईटेक कैमरा, इंट्रैक्टिव पैनल के जरिये क्लास की लाइव स्ट्रीमिंग भी होती है। चंडीगढ़, पटियाला व अन्य स्थानों के छात्र भी क्लास लेते हैं। यूट्यूब पर कक्षा केंद्र ने क्लास के लिए कोई शुल्क नहीं रखा है। पढ़ने वाले कक्षा 12 के सात विद्यार्थियों ने पिछले वर्ष 100 में 100 अंक पाए थे। उन्हें सम्मानित किया गया था।

# विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ढाई लाख रुपये ठगा

मुरादाबाद। विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर जालसाजों ने भगतपुर के बेरोजगार युवक से ढाई लाख रुपए ठग लिए। नौकरी नहीं लगने पर पीड़ित ने पैसे की मांग की। इसके बाद आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने सोमवार को एसएसपी हेमराज मीणा से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। भगतपुर का रहने वाला शाने आलम स्नातक करने के बाद बेरोजगार की तलाश कर रहा है। करीब छह माह पहले ठाकुरद्वारा निवासी युवक से मुलाकात हुई। उसने परिवार वालों को बताया था कि वह विदेश में नौकरी लगवाने का काम करता है। कई बेरोजगार युवकों को विदेश में नौकरी दिला चुका है। विश्वास जमाने के लिए उसने कुछ युवकों से परिवार वालों की बातचीत भी कराई। बातचीत करने पर परिवार के लोगों को भी भरोसा हो गया। बताया कि वह तीन माह में इलेक्ट्रिशयन की नौकरी दिला देगा। विश्वास होने पर परिवार वालों ने किसी तरह ढाई लाख जालसाज को दे दिए। तीन माह बीतने के बाद नौकरी नहीं मिल सकी। पूछने पर जालसाज सिर्फ आश्वासन देकर टाल मटोल करता रहा। कुछ दिनों बाद उसने पैसा वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में एसएसपी ने भगतपुर पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# हनुमान मूर्ति पंडित नगला मार्ग बुधवार से बनेगा

मुरादाबाद- मुरादाबाद। लोक निर्माण विभाग हनुमान मूर्ति पुल से पंडित नगला मार्ग के गड्ढों को पाट रहा है। बुधवार से इस रोड की मरम्मत का कार्य शुरू किया जाएगा। इसी प्रकार लोनिवि ने दलपतपुर से अलीगढ़ जाने वाले छह किलोमीटर मार्ग का डामरीकरण किया है लेकिन इस मार्ग को काशीपुर ( उत्तराखंड ) को बनाने के लिए उत्तराखंड सरकार ने यूपी सरकार से बातचीत की है। संभावना है कि शीघ्र ही इस पूरे मार्ग का कायाकल्प हो जाएगा। हनुमान मूर्ति पुल से कोहिनूर तिराहा मार्ग काफी क्षतिग्रस्त हो गया था। जगह जगह गड्ढों के चलते आवागमन में काफी दिक्कतें हो रही थी। रात में कई लोग इस मार्ग पर बाइक से फिसलकर गिर चुके हैं। लोनिवि प्रांतीय खंड ने इस मार्ग को बनाने का निर्णय लिया है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता की देखरेख में सोमवार को गड्ढों को गिट्टी और बालू से भरा गया। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर लोनिवि के अभियंताओं ने बुधवार से हॉट मिक्स प्लांट से एक लेयर सड़क बनाने का निर्णय लिया है। लोनिवि ने दलपतपुर डुंगरपुर - अलीगंज मार्ग पर 5.8 किलोमीटर सड़क सोमवार को बना दी गई। लोनिवि ने 20.8 किमी सड़क बनाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेज दिया है। हालांकि इस मामले में उत्तराखंड के प्रमुख नेताओं ने इस मार्ग का निर्माण करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी संपर्क किया है। दोनों पक्षों के बीच शीघ्र रोड निर्माण करने के लिए सकारात्मक बातचीत हुई है। संभावना है कि इस मार्ग का शीघ्र कायाकल्प होगा। यह मार्ग अलीगंज नेपा चौकी से काशीपुर ( उत्तराखंड ) को जोड़ती है। यह मार्ग 44 किलोमीटर लंबा है। इस मार्ग से जुड़ने से उत्तराखंड के लोग बरेली दिल्ली हाईवे से जुड़ जाएंगे। व्यवसायिक रूप से यह मार्ग काफी अहम माना जा रहा है।

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

## महिलाओं के ऊपर घटित अपराध में जीपीएम पुलिस के द्वारा की गई त्वरित कार्यवाही



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- शादी का आश्वासन देकर अनाचार करने वाले सेना के जवान को किया जीपीएम पुलिस ने गिरफतार। पीड़िता से छिपा के दूसरे जगह कर लिया था सगाई नाबालिग को शादी के बहाने बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार थाना पेंड्रा गिरफतार आरोपी सीताराम सोनवानी पिता कैलाश सोनवानी उम्र 23 साल निवासी झावर थाना पेंड्रा धारा 363,366,376 भादवि 04,06 पास्को एक्ट गिरफ्तार आरोपी - सूरज पुरी पिता शिव प्रसाद पुरी उम्र 20 साल निवासी आमाडांड थाना पेंड्रा दोनो मामले थाना पेंड्रा के है।

23 वर्षीय युवती के द्वारा थाना पेंड्रा में दिनांक 20/02/23 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम झाबर निवासी सीताराम सोनवानी जिसे यह 2018 से जानती है और वह इसे शादी का झांसा देकर अनाचार किया था। और विगत माह चुपके से दूसरे गांव में दूसरी लड़की के साथ सगाई कर लिया है पीड़िता की रिपोर्ट पर से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दूसरे मामले में 17 वर्षीय बालिका के पिता के द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 17/02/23 को इसकी नाबालिग पुत्री सुबह घर से बिना बताए कहीं चली गई है। आसपास पता किए पता नहीं चला है रिपोर्ट पर धारा 363 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना पतासाजी में लिया गया। थाना प्रभारी पेंड्रा के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को घटना के संबंध में अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक श्री योगेश पटेल के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अशोक वाडेगांवकर के निर्देशन में थाना प्रभारी पेंड्रा एवम् साइबर सेल प्रभारी प्रवीण द्विवेदी को तत्काल टीम बनाकर कार्यवाही का निर्देश दिया गया। साइबर सेल प्रभारी के द्वारा आरोपी का तकनीकी रूप से लोकेशन लेकर राजस्थान के जैसलमेर जाकर आरोपी सीताराम सोनवानी को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही उपरांत न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। थाना पेंड्रा की टीम के द्वारा नाबालिग बालिका की पतासाजी करके बालिका को आरोपी को सूरज पुरी पिता शिव प्रसाद पुरी उम्र 20 साल निवासी आमाडांड थाना पेंड्रा के कब्जे से पेंड्रारोड रेलवे स्टेशन से बरामद किया गया। वैधानिक कार्यवाही उपरांत प्रकरण में धारा 366, 376 भादवि 04, 06 पास्को एक्ट जोड़ी जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## मथुरा में लठामार होली: हुरियारिनों की वार से बचते रहे हुरियारे, उत्सव में सराबोर हुआ नगर, चहुंओर खुशी ही खुशी




उत्तर प्रदेश की तीर्थनगरी मथुरा में होली का उत्सव विश्व प्रसिद्ध है। यहां बुधवार की शाम को लठामार होली का उत्सव शुरू हो गया। बरसाना में हुरियारिनों ने नंदगांव के हुरियारों को लाठियों से पीटा। उन पर छतों से रंग बरसाया। यह दृश्य देख मानों कुछ समय के लिए समय भी ठहर गया हो। चहुंओर खुशी और रंगों का उत्सव है। बुधवार को राधा रानी की नगरी बरसाना में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंची। यहां तिल रखने तक की जगह नहीं रही। सड़कें रंगों से सराबोर रहीं। श्रद्धालुओं ने होली उत्सव का भरपूर आनंद लिया। इस मौके पर राधा-कृष्ण के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इससे पहले हुरियारे प्रिया कुंड से भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप ध्वजा को लेकर श्रीजी मंदिर के लिए निकले। इस दौरान उन पर हेलीकॉप्टर से फूल बरसाए गए। हुरियारों और हुरियारन के बीच संगीत प्रतियोगिता आयोजित हुईं। फाग गीतों से पूरा बरसाना झूम उठा। पुरुष मनमग्न होकर नृत्य करते रहे। बताया जाता है कि यह परंपरा पांस हजार पहले शुरू हुई। तब से लेकर आज तक वैसा ही उत्सव मनाया जाता है। इसमें शामिल होने के लिए देश ही नहीं दूसरे देशों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। बरसाना की लठामार होली का विशेष महत्व है। इस मौके पर हुरियारिन पुरुषों पर लाठी से वार करती हैं और पुरुष उससे बचाव करते हैं। यदि वह इसमें असफल रहते हैं तो उन्हें महिलाओं की वेशभूषा में नृत्य करना पड़ता है। ब्रज में 40 दिन तक चलने वाले होली उत्सव का शुभारंभ बसंत पंचमी के दिन से हो जाता है। इस बीच यहां अलग-अलग दिनों में अलग-अलग मंदिरों में उत्सव चलता है। यहां होलिका अष्टक से पहले लड्डू होली, पिचकारी होली, फूलों की होली का उत्सव चलता है। इसके साथ ही ब्रज में रंग, अबीर, गुलाल, लाठी और अंगारों की भी होली खेली जाती है। इसके बाद हुरियारे प्रिया कुंड पहुंचेंगे। वह यहां पहले अपनी फाग बांधते हैं। फिर ढाल लेकर ब्रहमांचल पर्वत की ओर बढ़ते हैं। यहां बने राधा रानी के मंदिर पहुंचते हैं। यहां राधा रानी के दर्शन करके उनसे होली खेलने की अनुमति लेते हैं। इसके बाद सभी हुरियारे रंगीली गली में पहुंचते हैं। वहां लठामार होली खेलते हैं। इस दौरान नगर में पुलिस प्रशासन का कड़ा पहरा है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात हैं। क्षेत्र को 6 जोन और 12 सेक्टर में बांटा गया है। यहां दो हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। कार्यक्रम स्थल और प्रमुख चौराहों पर CCTV कैमरे लगाए गए हैं। ड्रोन से इलाके की निगरानी की जा रही है। यातायात को नियंत्रित करने के लिए भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है।

## कांग्रेसियो ने राष्ट्रीय अधिवेशन मे जा रहे सैकड़ो कार्यकर्ताओं को स्वमं खाना बनाकर खिलाया कार्यकर्ताओं ने कहा ये हैं जमीनी नेता



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

जीपीएम- 85 वे राष्ट्रीय अधिवेशन मे जहाँ लाखों कार्यकर्ता रायपुर मे उपस्थित होकर अधिवेशन को सफल किया ,वही जीपीएम जिला के कांग्रेसी ने एक मिशाल कायम की ,जहाँ नेता लोग बड़े नेताओं के पीछे घूम रहे थे वही जनपद उपाध्यक्ष मरवाही अजय राय प्रवक्ता कांग्रेस वीरेंद्र बघेल जिला उपाध्यक्ष नारायण शर्मा जिला सचिव हरीश राय युवा नेता भोला नायक जिला सचिव राजेंद्र ताम्रकार आदिवासी नेता विशाल उरेती जिला आदिवासी समाज अध्यक्ष दया वकारे सरपंच संघ अध्यक्ष गजरूप सिंह युवा जिला उपाध्यक्ष सुभम मिश्रा और युवा नेता नवीन जायसवाल ने स्वमं खाना बनाकर सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता ओ को खाना खिलाया वही जनपद उपाध्यक्ष अजय राय ने कहा मै जमीनी नेता हू लोगो को साथ उठना बैठना अच्छा लगता हैं ,

क्योकि नेताओं की पूंजी कार्यकर्ता ही हैं ,जहाँ लोग चापलूसी करके पद बचा रहे हैं वही हमे लोगो की सेवा करने मे ही संतुष्ट हैं

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विद्यार्थियों ने लगाई विज्ञान प्रदर्शनी



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही-राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय पेंड्रा में कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं के छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से नए-नए आविष्कारों को प्रदर्शित किया।

विज्ञान दिवस पर बच्चों को विज्ञान के प्रति प्रेरित करने देश के महान वैज्ञानिक डॉ. सी.वी. रमन के व्यक्तित्व पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। विद्यालय के प्राचार्य श्री एल.पी. डाहिरे के मार्गदर्शन मे कक्षा 11 वीं के छात्र शिवम राज, यश राठौर, पुनीत गुप्ता, विभव नामदेव एवं गणेश और कक्षा 9 वीं के छात्र घनश्याम, ओमकार, अमित यादव, अक्षत मांझी, शिवांग एवं किशन ने विज्ञान प्रदर्शनी लगा कर अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित किया। विज्ञान दिवस पर विद्यालय के प्राचार्य और व्याख्याताओं ने विज्ञान के महत्व एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाले।

## यूपी सरकार का बड़ा फैसला : सरकारी कार्यालयों में प्लास्टिक बोतलों के इस्तेमाल और कागज के दुरुपयोग पर लगी रोक

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से सभी सरकारी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि कार्यालयों में अधिक से अधिक सॉफ्ट कॉपी का इस्तेमाल किया जाए, जबकि बैठकों में पानी के लिए प्लास्टिक बोतल का उपयोग नहीं किया जाएगा। सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल और कागज की बर्बादी को लेकर प्रदेश की योगी सरकार ने एक बार फिर



कड़ा कदम उठाया है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से सभी सरकारी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि कार्यालयों में अधिक से अधिक सॉफ्ट कॉपी का इस्तेमाल किया जाए, जबकि बैठकों में पानी के लिए प्लास्टिक बोतल का उपयोग नहीं किया जाएगा। साथ ही फिजिकल ( हार्ड ) कॉपी का प्रयोग कम कम किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। मुख्य सचिव की ओर से स्पष्ट कहा गया है कि इन निर्देशों का कड़ाई से तत्काल अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

पर्यावरण के लिए उचित नहीं है कागज और प्लास्टिक का प्रयोग

मुख्य सचिव की ओर से दिए गए निर्देशों में कहा गया है कि लगातार देखने में आ रहा है कि बार-बार निर्देशों के बावजूद विभागों द्वारा प्लास्टिक कवर तथा सिंगल साइड प्रिंट कर बुकलेट प्रस्तुत किया जा रहा है। कागज का दुरुपयोग तथा प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण की दृष्टि से उचित नहीं है, जबकि पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन के प्रति संवेदनशीलता प्रत्येक अधिकारी की नैतिक एवं शासकीय जिम्मेदारी है। सरकारी कार्यालयों को दिए गए हैं ये निर्देश शासन के सभी अधिकारियों एवं विभागाध्यक्षों द्वारा ज्यादा से ज्यादा सॉफ्ट कॉपी का ही प्रयोग किया जाए। फिजिकल ( हार्ड ) कॉपी का प्रयोग कम से कम किया जाए तथा जब भी प्रिंट करने की आवश्यक्ता हो तो डबल साइड ही प्रिंट किया जाए। प्लास्टिक कवर और स्पाइरल बाइंडिंग का कदापि प्रयोग न किया जाए। समस्त पत्रावलियां ई-ऑफिस के माध्यम से ही भेजी जाएं। यदि भौतिक पत्रावलियां भेजना अपरिहार्य हो तो कागज के दोनों तरफ प्रिंट किया जाए। बैठकों में पानी हेतु प्लास्टिक बोलत का उपयोग कदापि न किया जाए।

# बंद कमरे पर तू-तू, मैं-मैं, अखिलेश-शिवपाल पर कांग्रेस का तंज, सपा ने दिया करारा जवाब

उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र की शुरुआत से ही यहां का सियासी पारा चढ़ा हुआ है। सत्र जारी है और इस बीच उमेश पाल हत्याकांड ने सियासी गलियारे में हड़कंप मचा दिया है। सभी प्रमुख राजनीतिक दल चाहे भारतीय जनता पार्टी हो या समाजवादी पार्टी, कांग्रेस हो या बहुजन समाज पार्टी कोई भी आरोप लगाने का मौका नहीं छोड़ रही है। आरोप प्रत्यारोप का यह दौर अब सिर्फ सदन तक सिमट कर नहीं रह गया है, बल्कि अब सोशल मीडिया पर भी नजर आ रहा है। सपा मुखिया अखिलेश यादव के निशाने पर बजट के साथ ही प्रदेश की कानून-व्यवस्था और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। इन सबके बीच ट्विटर पर भाजपा को लेकर कांग्रेस और सपा में वॉर चल रहा है। दोनों दल बंद कमरे की सियासत पर तू-तू, मैं-मैं में लगे हुए हैं। भाजपा और प्रदेश सरकार दोनों विपक्षी दलों के निशाने पर हैं। खासकर समाजवादी पार्टी लगातार सरकार को घेरने की कोशिश में लगी है। सपा मुखिया अखिलेश यादव के निशाने पर बजट के साथ



ही प्रदेश की कानून-व्यवस्था और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। वहीं कांग्रेस भी सदन से लेकर सड़क तक भाजपा के खिलाफ बिगुल फूंक रही है। इन सबके बीच ट्वीटर पर कांग्रेस और सपा में भाजपा वॉर चल रहा है। दरअसल, यह सारी वॉर फोटो को लेकर है, जिसकी शुरुआत यूपी कांग्रेस ने ट्विटर पर की है। एक दिन पहले ही विधानसभा में हुए हंगामे के बाद पोस्ट की गई इस फोटो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व भाजपा नेताओं के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव, उनके चाचा और पार्टी के महासचिव शिवपाल सिंह यादव और अन्य नेता दिखाई दे रहे हैं। इस फोटो के साथ ही कांग्रेस की ओर से लिखा गया है, परसों...विधानसभा में तू-तू, मैं-मैं, कल... हम-तुम एक कमरे में बंद हों, और पार्टी की जाए।इस पोस्ट के बाद सपा का भी पारा चढ़ गया। पार्टी की ओर से एक साथ तीन फोटो पोस्ट कर दी गई। इन तीनों फोटो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और भाजपा के मंत्री दिखाए दे रहे हैं। इनके अलावा जो खास है, वह है कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे। खरगे प्रधानमंत्री के साथ हंसते हुए दिखाई दे रहे हैं।

वहीं एक फोटो में प्रधानमंत्री उनकी बातों पर ठहाके लगाने के अंदाज में भी हैं। वहीं एक अन्य फोटो में बैठे सभी नेता गंभीर मुद्रा में चर्चा करते दिख रहे हैं। इन फोटो के साथ सपा की मीडिया सेल ने कांग्रेसियों को बेशर्म तक बता दिया है। पार्टी की ओर से फोटो के साथ पोस्ट पर लिखा गया है,

भाषणों में मोदी, अदानी, अंबानी, और बंद कमरे में चुगते हैं दाना पानी। बात यहीं खत्म नहीं हुई। इसके बाद अगली ही लाइन में लिखा गया, बहुत शायराना अंदाज फूट रहा हो तो राजीव गांधी के किस्से सुनाएं यहीं ? बहुत शायराना अंदाज फूट रहा हो तो कांग्रेस के सावरकर प्रेम और बाबरी विध्वंस की साजिश बताएं यहीं ?

# मानवाधिकार न्यायालय ने तलब किए एसीएमओ नोडल अधिकारी झोलाछाप

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-मनमाने तरीके से चिकित्सक का क्लीनिक सील करने और चिकित्सक द्वारा अपने दस्तावेज दिखाने के बावजूद उसके क्लीनिक की सील न खोलने के मामले को मानवाधिकार का उल्लंघन मानते हुए जिले की मानवाधिकार अदालत ने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/ नोडल अधिकारी झोलाछाप को तलब किया। बताते चले निधौलीकलां के चिकित्सक डा. समी अनवर पुत्र मेंहदी हसन राजकीय आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सा परिषद बिहार से सूचीकृत चिकित्सक है, जिनके क्लीनिक को 26 अप्रैल 2022 को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी / नोडल



अधिकारी झोलाछाप डा. सर्वेश कुमार ने सील कर दिया। चिकित्सक द्वारा अपने क्लीनिक की सील खुलवाने के लिए नोडल अधिकारी व उनके उच्चाधिकारियों को अपने दस्तावेज दिखाए। इसके बावजूद उनके क्लीनिक की सील नहीं खोली गई।ऐसे में मानवाधिकारवादी अधिवक्ता डा. अरुण कुमार उपाध्याय के माध्यम से उन्होंने अदालत में अर्जी पेश की। अधिवक्ता डा. अरुण कुमार उपाध्याय की दलीलों को सुनने के बाद मानवाधिकार न्यायालय ने इस मामले में हुए मानवाधिकारों के उल्लंघन को दृष्टिगत रखते हुए मामला दर्ज किया तथा 14 मार्च को अदालत में अपना पक्ष रखने को एसीएओ डा. सर्वेश कुमार को तलब किया। अधिवक्ता डा. अरुण कुमार उपाध्याय ने बताया कि डा. समी अनवर के खिलाफ वर्ष 2005 में भी सीएमओ जीडी भास्कर ने एफआईआर कराई थी। जो पुलिस की विवेचना में ही झूठी साबित हुई थी।इस मामले की पत्रावली तक अदालत द्वारा कानूनी प्रक्रिया के अंतर्गत नष्ट की जा चुकी है। ऐसे में क्लीनिक सील करने की कार्यवाही भारतीय संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन है।

# दो शातिर मोबाइल चोर गिरफ्तार गिरफ्तार, चोरी किए गए 52 मोबाइल फोन कीमत करीब 7 लाख रुपये बरामद


निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- जनपदीय स्वॉट व सर्विलांस टीम तथा थाना पिलुआ पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में अन्तर्राज्यीय गैंग के दो शातिर मोबाइल चोर गिरफ्तार गिरफ्तार, चोरी किए गए 52 मोबाइल फोन कीमत करीब 7 लाख रुपये बरामद, दिल्ली के भीड़भाड़ वाले इलाकों में लोगों की जेब, पर्स व बैग आदि से करते थे मोबाइल चोरी गिरफ्तारी का विवरण - दिनांक 28.02.2023 को थाना पिलुआ पुलिस तथा जनपदीय स्वॉट एंव सर्विलांस टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही में मुखबिर की सूचना पर सुल्तान होटल, चौआमील के पास से दो अभियुक्तों को समय करीब 08.30 बजे गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों की जामातलाशी में उनके कब्जे से दो बैग में रखे चोरी के 52 मोबाइल (34 एंड्रायड मोबाइल फोन व 18 कीपैड मोबाइल फोन ) बरामद किये गये हैं। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना



पिलुआ पर मुअसं - 33 / 2023 धारा 411, 414 भादवि पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है, साथ ही गैंग के अन्य सदस्यों के सम्बन्ध में जानकारी कर उनकी गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।

# बाइक चोर को बाइक समेत थाना मल्हीपुर पुलिस ने धर दबोचा



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती - प्रभारी निरीक्षक रामपाल यादव थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती मय हमराह व पीआरवी 3569 के द्वारा मोटर साइकिल चोरी कर मोटर साइकिल को ले जाते समय मौके पर ही अभियुक्त को मय मोटर साइकिल के गिरफ्तार कर लिया गया ।जहाँ पर वाहन स्वामी श्री सियाराम यादव पुत्र छोटे लाल निवासी ग्राम व पोस्ट महरूमुर्तिहा, थाना हरदत्त नगर गिरन्ट की तहरीर पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना मल्हीपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। आपको बता दें कि मल्हीपुर चौराहा पर मोटर साइकिल चोरी कर मोटर साइकिल को ले जाते समय वाहन स्वामी के शोर मचाने पर प्रभारी निरीक्षक रामपाल यादव थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती मय हमराह व पीआरवी 3569 के कर्म0गण अपने ड्यूटी पर मौजूद थे जो मौके पर पहुँचकर अभियुक्त को मय मोटर साइकिल के गिरफ्तार कर वाहन स्वामी श्री सियाराम यादव पुत्र छोटे लाल निवासी ग्राम व पोस्ट महरूमुर्तिहा,थाना हरदत्त नगर गिरन्ट , की तहरीर पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना मल्हीपुर में अभियोग पंजीकृत किया ।

# खेत पर गई किशोरी के साथ छेड़खानी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-खेत पर गई किशोरी को युवक ने पकड़ लिया और किशोरी के साथ छेड़खानी की। थाना मारहरा के एक गांव निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 24 फरवरी को बेटी खेत पर गई थी। आरोप है कि आरोपी ओमप्रकाश निवासी मीरापुर थाना मारहरा ने उसे पकड़ लिया और मुंह पकड़कर अंदर खींच ले गया। उसके साथ छेड़खानी की। किसी तरह से भाग निकली और घरवालों को जानकारी दी। पीड़िता को लेकर पिता थाना पहुंचे ओर पुलिस को घटना की जानकारी दी।

# मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में संस्थागत प्रसव की महत्वपूर्ण भूमिका

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- स्वास्थ्य विभाग द्वारा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिसका अब असर भी देखने को मिल रहा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे 5 के अनुसार जिले में संस्थागत प्रसव कराने वाली महिलाओं में बढ़ोतरी हुई है। संस्थागत प्रसव के प्रति जागरूकता के कारण संस्थागत प्रसव दर में 15 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 4 की रिपोर्ट के अनुसार संस्थागत प्रसव दर 61.7 प्रतिशत थी जो राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 5 की रिपोर्ट में बढ़कर 76.7 प्रतिशत हो गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमेश कुमार त्रिपाठी बताते है कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए संस्थागत प्रसव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं। जिले में पीएचसी से लेकर जिला अस्पताल तक सुरक्षित प्रसव के लिए सुविधा उपलब्ध है। प्रशिक्षित और सक्षम स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख और किसी भी आपात स्थिति से निपटने की व्यवस्था के साथ शिशु सुरक्षा के लिए भी सारी सुविधाएं तुरंत मिल सके इसलिए गर्भवती महिलाओं के लिए संस्थागत प्रसव काफी महत्वपूर्ण है। नोडल अधिकारी आरसीएच एसीएमओ डॉ सुधीर कुमार मोहन बताते हैं कि जिले में काफी संख्या में परिवार संस्थागत प्रसव को चुन रहे हैं। वर्ष 2020 अप्रैल से वर्ष 2021 मार्च तक



सरकारी स्वास्थ्य इकाइयों में 19629 व निजी स्वास्थ्य इकाइयों में 12368 महिलाओं ने संस्थागत प्रसव को चुना। वर्ष 2021 अप्रैल से वर्ष 2022 मार्च तक सरकारी स्वास्थ्य इकाइयों में 18919 व निजी स्वास्थ्य इकाइयों में 17286 संस्थागत प्रसव किए गए। व वर्ष 2022 अप्रैल से जनवरी 2023 तक सरकारी स्वास्थ्य इकाइयों में 16735 व निजी स्वास्थ्य इकाइयों में 13718 संस्थागत प्रसव किए गए हैं। अपेक्षित है कि मार्च माह के अंत तक यह आंकड़ा और भी अधिक बढ़ जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए एएनएम और आशा कार्यकर्ता, गर्भवती और उसके परिवार को प्रेरित करने व गर्भ के दौरान कम से कम चार प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित करने के लिए जागरूक करती हैं। साथ ही संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए पहली बार गर्भवती होने वाली महिला द्वारा संस्थागत प्रसव कराने पर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत उसे 5000 रुपए देने का प्रावधान है।इसके साथ ही जननी सुरक्षा योजना के तहत किसी भी सरकारी अस्पताल में प्रसव कराने से प्रसूति को आर्थिक सहायता भी दी जाती है। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रसूति को 1400 रुपये एवं शहरी इलाकों में 1000 रुपये की मदद दी जाती है। नोडल अधिकारी ने बताया संस्थागत प्रसव से मां और होने वाले बच्चे को कई फायदे होते हैं। संस्थागत प्रसव से जच्चा बच्चा की बेहतर देखभाल संभव है। प्रसव से जुड़ी तमाम जटिलताओं से निपटने के लिए पर्याप्त सुविधाएं व सक्षम स्वास्थ्य कर्मियों की मौजूदगी मातृ-शिशु मृत्यु दर को काफी हद तक कम करता है। उन्होंने बताया संस्थागत प्रसव के दौरान नवजात शिशु की देखभाल के लिए तत्काल चिकित्सा सुविधा मौजूद रहती है साथ ही बच्चे को जन्म के एक घंटे के भीतर मां का दूध भी मिल जाता है। इसके साथ ही संस्थागत प्रसव होने पर बच्चे का टीकाकरण समय पर हो जाता है जबकि घर में पैदा हुए बच्चों का कई बार जानकारी के अभाव में समय पर टीकाकरण नहीं हो पाता है।

# भाजपा किसान मोर्चा के नेतृत्व विशाल जनसभा आक्रोश रैली ,का आयोजन हुआ



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

GPM- मुख्यालय गौरेला में जिला भाजपा किसान मोर्चा के नेतृत्व विशाल जनसभा आक्रोश रैली,का आयोजन हुआ। प्रदेश की भ्रष्ट ,निकम्मी ,किसान विरोधी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन एवम राज्यपाल के नाम से अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण सावजी,प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा पवन साहूजी,पूर्व विधायक श्याम बिहारी जयसवाल, प्रदेश प्रभारी बजरंगी यादवजी, प्रदेश पदाधिकारी ,जिला भाजपा पदाधिकारी एवम भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

# जल जीवन मिशन योजना की बैठक सम्पन्न

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती -जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन ( हर घर नल से जल ) योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जन-जन को स्वस्थ्य रखने के लिए शुद्ध पेयजल अनिवार्य है। लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया होगा तो निश्चित ही वे स्वस्थ्य रहेंगे।बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि फेज-2 में कार्यदायी संस्था को आवंटित 218 ग्रामों के सापेक्ष समस्त ग्रामों का प्राक्कलन प्रेषित किया जा चुका है परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा कम प्रगति के कारण रोष व्यक्त किया गया तथा श्रमिकों की संख्या तथा मशीनरी की संख्या बढ़ाते हुए प्रतिदिन अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित की जाए।

# थाना प्रभारी गौरेला को लिखित ज्ञापन सौंपकर पवन साहू के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

GPM- भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री पवन साहू द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी सोनिया गांधी राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के लिए अमर्यादित भाषा का उपयोग किए जाने के विरुद्ध आक्रोशित कांग्रेसियों ने थाना प्रभारी गौरेला को लिखित ज्ञापन सौंपकर पवन साहू के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की गई

# बैंक चेकिंग कर दिलाया सुरक्षा का एहसास

अरविन्द कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती - पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा बैंक चेकिंग के संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी नगर/इकौना के कुशल नेतृत्व में समस्त थाना/



चौकी/हल्का प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र मे पड़ने वाले बैंक/ATM/ ग्राहक सेवा केंद्रो के आस-पास, अंदर-बाहर सघन चेकिंग कर बैंक आदि में लगे सीसीटीवी,सायरन व संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान पुलिस द्वारा बैंक में मौजूद ग्राहकों को साइबर अपराध के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि बैंक कर्मचारियों द्वारा फोन पर कभी भी आपके खाता से संबंधित पर्सनल जानकारी नहीं मांगी जाती है। किसी अज्ञात व्यक्ति को अपने एकाउंट की पर्सनल जानकारी कदापि ना दें और न ही ओटीपी बताएं।

# दबिश देकर जुआ खेलते पकड़े, 1.21 लाख बरामद

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-जुआ खेलते हुए नयागांव पुलिस ने टीम के साथ दबिश दी। दबिश के दौरान तीन जुआरियों को पकड़ा। साथ ही एक लाख से अधिक रूपये बरामद किए है। तीनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार एसएचओ नयागांव सुनील कुमार श्रीवास्तव, एसआई ललित कुमार निमि टीम ने सोमवार को दविश दी। गांव अकबरपुर में दविश के दौरान तीन जुआरियों को पकड़ा। मौके से पुलिस ने एक लाख 21 हजार 320 रूपये तथा ताश के पत्ते बरामद किए है। तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पूछताछ में जुआरियों ने अपने नाम धर्मवीर पुत्र लल्लन सिंह, रामप्रताप पुत्र रामनाथ सिंह निवासी खरसुलिया थाना नयागांव, देशराज पुत्र रामऔतार निवासी हरिहरपुर कोतवाली मैनपुरी बताया जा रहा है कि काफी समय से जुआ हो रहा था। पुलिस पकड़ने को लेकर योजना बना रही थी।

# फिर से साथ रहने के लिए राजी किया गया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-सराहनीय कार्य परिवार परामर्श केंद्र एटा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर के निर्देशन में महिला थाना कंपस नारी उत्थान केंद्र भवन संचालित परिवार परामर्श केंद्र में आज दिनांक 27/2/2023 आपसी मतभेदों के कारण टूटने की कगार पर एक खड़े परिवारों को समझा कर फिर से साथ रहने के लिए राजी किया गया। वादी मेहरूनिन्सा पत्नी श्री आमिर अली निवासी ग्राम पवांस थाना कोतवाली देहात जिला एटा। प्रतिवादी आमिर अली पुत्र मुन्नी अली ग्राम पवांस थाना कोतवाली देहात जिला एटा। आपसी मतभेदों के कारण परिवार परामर्श केंद्र में पत्रावली प्रचलित थी।दोनों परिवारों को परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलिंग कर समझाया गया।दोनों को अपनी पिछली गलतियों को मानते हुए साथ रहने के लिए राजी किया गया। आज की बैठक में प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मवती,काउंसलर डॉ श्यामलता वेद,संजीव तिवारी,नीलम गुप्ता,पुलिस स्टाफ हेड कांस्टेबल मिथलेश, गौरी,पूजा मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारियों को दी गई भावभीन विदाई



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा 1. उप निरीक्षक उमाकांत शर्मा 2.उप निरीक्षक इंदल प्रसाद 3. उपनिरीक्षक योगेंद आजाद के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे द्वारा सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को शाल व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। तत्पश्चात प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक, प्रधान लिपिक, प्रभारी आंकिक शाखा, पेशकार पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगणों द्वारा से0नि0 पुलिस कर्मी का माल्यार्पण किया गया। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा उनकी सेवाओं और उपलब्धियों की प्रशंसा की गई व उनके दीर्घायु होने की कामना की गई।

# वर्ल्ड कप विजेता लियोनेल मेसी ने जीता सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब, फ्रांस के स्टार को पछाड़ा



नई दिल्ली- लियोनेल मेसी ने अपने खाते में एक और उपलब्धि जोड़ ली है। मेसी को साल 2022 के लिए फीफा का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया। मेसी ने 36 साल का सूखा खत्म करते हुए अर्जेंटीना को वर्ल्ड कप चैंपियन बनाया था। उन्होंने इस टूर्नामेंट में सात गोल दागे थे।लियोनेल मेसी के हमवतन और कोच लियोनेल स्कालोनी को सर्वश्रेष्ठ पुरुष कोच चुना गया। स्कालोनी ने दक्षिण अमेरिकी को वर्ल्ड कप खिताब दिलाने के लिए मार्गदर्शन दिया। 35 साल के मेसी ने इस अवॉर्ड के लिए फ्रांस के फॉरवर्ड कायलिन मबापे और करीम बेंजेमा को पीछे छोड़ा। मेसी ने अर्जेंटीना को वर्ल्ड कप चैंपियन बनाने के अलावा 2021-22 में देश व क्लब के लिए कुल 49 मैचों में 27 गोल दागे।

## मेसी ने अवॉर्ड लेने पर क्या कहा

लियोनेल मेसी ने दूसरी बार फीफा के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का खिताब जीता। उन्होंने कहा, यह शानदार है। यह शानदार साल रहा और मेरे लिए यहां आकर अवॉर्ड हासिल करना सम्मान की बात है। मेरे टीम साथियों के बिना मैं यहां नहीं होता। मैंने लंबे समय से देखा सपना हासिल किया। कुछ ही लोग इसे हासिल कर पाते हैं और मैं भी ऐसा करके भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। पेरिस में हुई सेरेमनी में अर्जेंटीना को वर्ल्ड कप खिताब दिलाने वाले कोच लियोनेल स्कालोनी ने पेप गार्डियोला और कार्लो एंसेलोटी को मात दी। गार्डियोला ने मैनचेस्टर सिटी को छठा प्रीमियर लीग खिताब दिलाया था। वहीं एंसेलोटी ने रीयल मैड्रिड को चैंपियंस लीग खिताब दिलाया था।इंग्लैंड की मैनेजर सारिना विगमैन को साल का सर्वश्रेष्ठ महिला कोच चुना गया। उन्होंने पिछले साल इंग्लैंड को यूरोपीयन चैंपियनशिप खिताब दिलाने में मार्गदर्शन दिया था। यह टीम की पहली प्रमुख ट्रॉफी थी। एस्टन विला और अर्जेंटीना के ऐमिलियानो मार्टिनेज को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर जबकि इंग्लैंड की मैरी ईयरप्स को महिला पुरस्कार मिला। बार्सिलोना की एलेक्सिया पुतेलास को साल की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया।

# श्रीकृष्ण जन्मस्थान ईदगाह प्रकरण: ठाकुर केशव देव केस में टली सुनवाई, अदालत ने दी ये तारीख



अदालत में दोनों पक्ष बहस कर चुके हैं। न्यायालय द्वारा निर्णय दिया जाना है कि सिविल जज सीनियर डिवीजन में पहले ईदगाह की अमीन सर्वे पर सुनवाई होगी या केस के स्थायित्व संबंधी आदेश 7 नियम 11 पर सुनवाई होगी। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान ईदगाह प्रकरण में मंगलवार को सुनवाई होनी थी। यह आज पूरी नहीं हो सकी। अदालत ने अब मामले की सुनवाई के लिए 10 मार्च की तारीख नियत की है। अब मामले में दोनों पक्ष 10 मार्च को कोर्ट के सामने अपने-अपने तथ्य रखेंगे। ठाकुर महेंद्र प्रताप सिंह द्वारा अदालत में श्रीकृष्ण जन्मस्थान से संबंधित 13.37 एकड़ जमीन पर मौजूद ईदगाह को हटाने के लिए दावा किया था। ये दावा सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में डाला गया था। इसमें सिविल जज सीनियर डिवीजन के न्यायाधिकारी ने पहले केस के स्थायित्व पर सुनने संबंध आदेश कर दिया।

## पहले ईदगाह की अमीन सर्वे पर सुनवाई होगी

इस आदेश के खिलाफ पक्षकार जिला जज की अदालत गए, जहां से प्रार्थना पत्र को सुनवाई के लिए एडीजे षष्ठम की अदालत भेजा गया। अदालत में दोनों पक्ष बहस कर चुके हैं। मंगलवार को न्यायालय द्वारा निर्णय दिया जाना था कि सिविल जज सीनियर डिवीजन में पहले ईदगाह की अमीन सर्वे पर सुनवाई होगी या केस के स्थायित्व संबंधी आदेश 7 नियम 11 पर सुनवाई होगी। पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उनके केस में अब 10 मार्च को सुनवाई होगी।

# तुम मेरी नहीं हुई तो मैं किसी और की होने नहीं दूंगा... प्रेमी की धमकी से परेशान युवती ने दी जान



हरदोई जिले में युवती की आत्महत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि प्रेमी की धमकियों से परेशान होकर युवती ने यह कदम उठाया है तुम मेरी नहीं हो सकती हो...तो मैं किसी और की होने नहीं दूंगा... यह डॉयलाग भले ही फिल्मी लगता हो लेकिन हरदोई जिले के हरपालपुर में एक युवती ने अपने प्रेमी की ऐसी ही धमकियों से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। युवती के घर में घुसकर दो दिन पूर्व प्रेमी ने दूसरी जगह शादी करने पर धमकी दी थी। जिससे परेशान होकर युवती ने मंगलवार सुबह फांसी लगा ली। इस पूरे मामले में प्रेमी समेत चार लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। घटना थाना क्षेत्र के भटौली गांव की है, जहां के रहने वाले एक किसान की 19 वर्षीय पुत्री का गांव के ही एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया जाता है कि युवती की शादी उसके परिजनों ने तय कर दी थी और तीन मई को युवती की कन्नौज जनपद के एक युवक से शादी होनी थी। शादी की बात पता चलते ही युवती का प्रेमी नाराज हो गया और युवती को धमकाते हुए घर में घुस गया। कहा कि यदि तुम मेरी नहीं हो सकती हो तो मैं तुम्हे किसी और का होने नहीं दूंगा। प्रेमी की हरकतों से परेशान युवती ने मंगलवार सुबह कमरें में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने इस सनसनीखेज वारदात की जानकारी पुलिस को दी तो थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। सूचना पाकर सीओ हरपालपुर, अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वैभव, सोनू, मोनू और बबलू के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर पूरे मामले में कार्रवाई की जा रही है।

# तस्वीर किसी के भी साथ हो सकती है मास्टरमाइंड सदाकत संग फोटो VIRAL होने पर अखिलेश की सफाई



प्रयागाराज- उमेश पाल हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता सदाकत खान के साथ इंटरनेट मीडिया पर तस्वीर वायरल होने के बाद प्रदेश के सियासी गलियारों में तरह तरह की चर्चाएं शुरू हो गई। इस पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि कल खाना खाते समय हमारी तस्वीर मुख्यमंत्री जी के साथ थी। उमेश पाल के हत्यारे के साथ वायरल हो रही अपनी तस्वीर पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पलटवार करते हुए कहा कि तस्वीर किसी के साथ भी हो सकती है। कल खाना खाते समय हमारी तस्वीर मुख्यमंत्री जी के साथ थी। आज सोशल मीडिया का जमाना है। कोई भी आता है और फोटो खिंचाता है। उस फोटो में लाने वाला भी साथ में है। बता दें कि अधिवक्ता उमेश पाल की हत्या की साजिश रचने का मुख्य आरोपित सदाकत अली खान है। वह मुस्लिम बोर्डिंग हास्टल में अवैध रूप से रहकर नेतागिरी और तमाम अन्य गतिविधियों में लिप्त रहता। इस हत्याकांड के शूटर गुलाम ने उसके साथ मिलकर वारदात का ताना-बाना बुना। सदाकत को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। भागने का कोशिश में वह डिवाइडर से टकराकर घायल हो गया इसलिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। उससे तमाम पूछताछ की जा रही है। षड़यंत्र का पूरा किस्सा उजागर हो चुका है। पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने बताया कि सदाकत गाजीपुर के गहमर के बारा का रहने वाला है। उसने प्रयागराज में रहकर एलएलबी की डिग्री ली और हाई कोर्ट में वकालत करने लगा। इधर वह विश्वविद्यालय परिसर में छात्र नेतागिरी में भी सक्रिय रहता। भाजपा के एक पूर्व विधायक के साथ उसने इंटरनेट मीडिया पर फोटो डाली है। उसका मिलना-जुलना मेहंदौरी के गुलाम से हुआ। गुलाम अक्सर उसके पास मुस्लिम हास्टल के कमरे में आने लगा। गुलाम का भी पूर्व विधायक के साथ उठना-बैठना रहा है।हालांकि फिर उसने पूर्व विधायक से दूरी बना ली और अतीक गैंग के साथ हो गया। पुलिस आयुक्त के मुताबिक, गुलाम ने सदाकत के कमरे में उमेश पाल हत्याकांड की रूपरेखा तैयार की थी। गुलाम के साथ दूसरे शूटर भी इन बैठकों में शामिल होने सदाकत के कमरे में पहुंचते रहे हैं। सदाकत को कहा गया था कि उसे अतीक गिरोह के जमीन के मामले देखने का काम सौंपा जाएगा जिसमें मोटी कमाई होती है। इसीलिए उसने गुलाम और अन्य शूटरों को अपने कमरे में बैठकर साजिश रचने में सहायता की।

# पांच साल की बच्ची को अगवा कर वेटर ने की थी दरिंदगी, आरोपी की फोटो देख सहमी मासूम

बरेली के कोतवाली क्षेत्र में पांच साल की बच्ची को अगवा कर वेटर ने उसके साथ दरिंदगी की थी। पुलिस ने आरोपी वेटर राजा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पूछताछ में उसने आरोप स्वीकार कर लिया। बच्ची की हालत अब ठीक है। 25 फरवरी को कोतवाली क्षेत्र की एक मलिन बस्ती निवासी पांच साल की बच्ची को शाम के वक्त अगवा कर दुष्कर्म किया गया था। बच्ची के मेडिकल परीक्षण में उसके साथ दरिंदगी की पुष्टि हुई थी। तब से पुलिस आरोपी की पहचान में जुटी थी।

## आरोपी की फोटो देख सहमी मासूम

बच्ची की हालत ठीक होने के बाद उसे कुछ संदिग्ध लोगों के फोटो दिखाए गए। तब राजा नाम के 23 वर्षीय युवक की फोटो देखकर बच्ची थरथरा उठी। इंस्पेक्टर कोतवाली हिमांशु निगम ने राजा को पकड़कर पूछताछ की तो उसने गुनाह कुबूल कर लिया। पता लगा कि राजा वेटर के तौर पर शादियों में काम करता है। अक्सर दावत में बचा खाना घर ले आता है। उस शाम वह नशे की हालत में घूम रहा था। वह दावत खिलाने का लालच देकर बच्ची को घर ले गया। उस समय उसके दोनों भाई काम पर गए हुए थे। घर में राजा ने मासूम से दरिंदगी की। इसके बाद उसे छोड़कर फरार हो गया था। कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली पांच साल की मासूम के साथ वेटर ने दुष्कर्म किया था। पुलिस ने संदिग्धों के फोटो दिखाए तो वेटर की फोटो देख बच्ची सहम गई। इस पर पुलिस ने वेटर को गिरफ्तार कर लिया।

# मिर्जापुर में दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रही युवती पकड़ी गई, कई केंद्रों का औचक निरीक्षण

मिर्जापुर जिले में सुबह की पाली में यूपी बोर्ड की विज्ञान की परीक्षा में दूसरे के स्थान पर बैठी एक युवती पकड़ी गई। परीक्षार्थी को रस्टिकेट कर आरोपी युवती के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। मिर्जापुर जिले में सुबह की पाली में यूपी बोर्ड की विज्ञान की परीक्षा में दूसरे के स्थान पर बैठी एक युवती पकड़ी गई। परीक्षार्थी को रस्टिकेट कर आरोपी युवती के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। सुबह की पाली में हाईस्कूल की विज्ञान की परीक्षा थी। जिसमें पंजीकृत 42491 में 39257 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। 3234 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कई केंद्रों पर प्रशासन ने औचक निरीक्षण किया। बभनी स्थित लोकनाथ मिश्र इंटर कॉलेज में अनुचित साधन का प्रयोग करता हुआ एक परीक्षार्थी पकड़ा गया। इसी प्रकार दांती के रामकरण मौर्य इंटर कॉलेज में महेंद्र सोनकर का सचल दल जब पहुंचा तो निरीक्षण में एक परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा देती हुई एक युवती पकड़ी गई। इस संबंध में केंद्र व्यवस्थापक हरिवंश मौर्य की ओर से आरोपी महिला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने व अन्य कार्रवाई के लिए तहरीर दी जा रही है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# Umesh Pal Hatyakand: मुस्लिम हॉस्टल के कमरा नंबर 36 में लिखी खूनी अध्याय की पटकथा, 8 दिन पहले से गायब था सदाकत




प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड हत्याकांड में नया खुलासा हुआ है। मुस्लिम बोर्डिंग हॉस्टल के कमरा नंबर 36 में बैठकर उमेश पाल हत्याकांड की साजिश रची गई थी। बताया जाता है कि इस कमरे पर सदाकत का दो साल से अवैध कब्जा था। कुछ महीने पहले हॉस्टल में अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई थी। उस दौरान जिन सात कमरों को सील किया गया था, उनमें सदाकत का कमरा भी शामिल था। हालांकि, कार्रवाई के कुछ दिनों बाद ही पांच कमरों के ताले तोड़ दिए गए थे, जिनमें कमरा नंबर 36, 65, 72, 98 38 और 101 शामिल थे। ताला टूटने के बाद सदाकत का कमरा नंबर 36 पर फिर से अवैध कब्जा हो गया था। सदाकत ने दो साल पहले सीएमपी डिग्री कॉलेज से एलएलबी की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद से हॉस्टल के कमरा नंबर 36 पर उसका अवैध कब्जा बना हुआ है। ताला टूटने के बाद हॉस्टल अधीक्षक ने जब इसका विरोध किया तो कमरा नंबर 98 में अवैध कब्जा करके रह रहे एक अन्य युवक अफजाल ने अधीक्षक को जान से मारने की धमकी दी थी। अधीक्षक ने ताला टूटने और धमकी देने की सूचना कर्नलगंज पुलिस को दी थी। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर अफजाल को 24 घंटे के लिए हिरासत में लिया था, लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया। अफजाल फिर से हॉस्टल में अवैध रूप से रहने लगा। पुलिस ने हॉस्टल के कमरों का ताला तोड़ने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की और पांच कमरों पर फिर से अवैध कब्जा हो गया। अगर उसी वक्त पुलिस ने इस घटना को गंभीरता से लिया होता तो सदाकत भी हॉस्टल से बाहर होता और हॉस्टल में उमेश पाल हत्याकांड की साजिश न रची गई होती। सूत्रों का कहना है कि सदाकत अपने कमरे में कब आता या जाता था, इसकी भनक किसी को नहीं लगती थी। कमरा नंबर 36 का ताला टूटने की शिकायत पुलिस से किए जाने के बाद भी सदाकत ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी।

## एलएलबी प्रथम वर्ष के छात्र को पुलिस ने उठाया

हॉस्टल के छात्रों ने बताया कि सदाकत की तलाश में मुस्लिम बोर्डिंग हॉस्टल पहुंची पुलिस को जब कमरा नंबर-36 पर ताला लगा हुआ मिला तो पुलिस सीधे कमरा नंबर-58 पर पहुंची और वहां रहने वाले एलएलबी प्रथम वर्ष के छात्र मुबस्सिर हारून को उठा लिया। इसके बाद से मुबस्सिर हॉस्टल वापस नहीं आया है। वह हॉस्टल का वैध छात्र है और कमरा नंबर-58 उसी के नाम से आवंटित है।


## वारदात के एक हफ्ते पहले से गायब था सदाकत

उमेश पाल हत्याकांड के एक हफ्ते पहले से सदाकत हॉस्टल में नहीं दिखा था। हॉस्टल के कुछ छात्रों ने बताया कि सप्ताह भर से उसके कमरे पर ताला लगा हुआ था। वारदात से तकरीबन हफ्ते भर पहले उसे हॉस्टल में देखा गया था।

## हॉस्टल पर बढ़ा पहरा, नोटिस जारी

मुस्लिम बोर्डिंग हॉस्टल पर पुलिस के छापे के बाद हॉस्टल पर पहरा बढ़ा दिया गया है। हॉस्टल अधीक्षक इरफान खान की ओर से नोटिस जारी किया गया है कि रात 11 से सुबह छह बजे तक हॉस्टल के मेन गेट पर ताला बंद रहेगा और इस दौरान कोई भी छात्र न तो बाहर जाएगा और न ही हॉस्टल में प्रवेश करेगा। अधीक्षक ने बताया कि अक्सर कई छात्र रात को एक बजे तो कभी तीन बजे हॉस्टल लौटते हैं। इसी वजह से हॉस्टल के मेन गेट पर रात 11 से सुबह छह बजे तक ताला लगाए जाने का निर्णय लिया गया है।मुस्लिम बोर्डिंग हॉस्टल के कमरा नंबर 36 पर सदाकत का दो साल से अवैध कब्जा था। अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई थी। उस दौरान जिन सात कमरों को सील किया गया था, उनमें सदाकत का कमरा भी शामिल था।

# Kohli can match coach Dravid in Indore Test, will join Potting's special club



Virat Kohli has not been able to do anything special with the bat in this series, but he can do wonders during fielding. Virat Kohli will complete his 300 catches in international cricket as soon as he takes the first catch in Indore. The third match of the four-match Test series between India and Australia will be played in Indore from March 1. Virat Kohli can make a special record in this match. Kohli has so far played 492 matches for India and has taken 299 catches. Once he takes one catch in Indore, he will complete 300 catches for the country. Kohli will be the second Indian player to achieve this feat. Rahul Dravid has done this before Virat. Dravid has taken 334 catches for the country in 509 matches. Ross will join the club of Taylor and Ponting - six players have taken 300 or more catches in international cricket so far. The first name in this list is of Sri Lanka's Mahela Jayawardena. Jayawardene has taken 440 catches in 652 matches. At the same time, in second place is Ricky Ponting, who has taken 364 catches in 560 matches. Ross Taylor of New Zealand has taken 351 catches in 450 matches and is in third place. Jacques Kallis is fourth with 338 catches and Rahul Dravid is fifth with 334 catches. Stephen Fleming is sixth with 306 catches. Now Virat Kohli is close to becoming the seventh player to do so. Virat dropping catches in the slips – Virat Kohli is one of the best fielders in the world, but he has dropped a lot of catches in the slips in the recent past. Even in 2022, he was included in the list of players who dropped the most catches in the slips and in 2023 also, he has dropped a lot of catches in the slips. Many of these catches have also been very difficult, but at the international level players like Kohli are expected to take such catches. However, it is expected that Virat will take catches as well as score runs with the bat in Indore and end the drought of centuries in the longest format of cricket. Virat Kohli scored his last century in Test against Bangladesh in November 2019. Since then, he has not been able to play any match-winning innings for the country. Indore's pitch initially helps the batsmen and later helps the spin bowlers. In such a situation, it is expected that Kohli will score an excellent century in India's first innings. India is leading 2-0 in the series - India have won the first two matches of the four-match Test series and have taken an unassailable 2-0 lead. India won the first Test in Nagpur by an innings and 132 runs, while the second match was won by six wickets in Delhi. The only century of this series came from the bat of Indian captain Rohit Sharma. Who played a brilliant inning of 120 runs in Nagpur. The spin bowlers of both the teams have done wonders with the ball. Ashwin and Jadeja have taken wickets for India. At the same time, Todd Murphy and Nathan Lyon took wickets for Australia.

# New Zealand beat England by one run after following on, such a thrill after 30 years in Tests



New Zealand had to follow-on in the Wellington Test, but the Kiwi team made a strong comeback and defeated England by a close margin of one run. For only the second time in the history of Test cricket, a team has won by a margin of one run. The Kiwi team won the third and final match of the Test series between New Zealand and England by a margin of one run. With this, New Zealand equalized 1-1 in the series and now both the teams will share the trophy. The first match of this series was a draw. At the same time, England won the second match, while New Zealand won the third match. In this match, New Zealand won the toss and decided to bowl and made a good start by reducing England's three wickets for 21 runs. After this, Joe Root and Harry Brook made a strong comeback for England by sharing a 302-run partnership.

Root remained unbeaten after scoring 153 runs. At the same time, Brook was dismissed after scoring 186 runs. Captain Stokes scored 27 runs. In the end, England declared their first innings after scoring 435 runs for eight wickets. Matt Henry took four wickets for New Zealand. Bracewell got two wickets and Saudi-Wagner got one wicket each. In response, the New Zealand team was able to score only 209 runs in the first innings. Captain Saudi scored the highest 73 runs. Apart from him, no other batsman could touch double figures. Broad took four wickets for England and Anderson-Leach took three wickets each. England captain Ben Stokes decided to follow on. New Zealand batted brilliantly after getting the follow on. Conway and Latham added 149 runs for the first wicket. Latham was dismissed for 83 and Conway for 61. After this Williamson scored 132 runs. Nicholls' 29 and Daryl Mitchell's 54 put the Kiwis in a better position in the match. Tom Blundell's innings of 90 runs gave New Zealand a good lead. New Zealand's second innings ended on 483 runs and England had a target of 258 runs in the fourth innings. Jack Leach took five wickets for England. Chasing down the target in the fourth innings, England got off to a decent start. The first wicket fell on 39 runs. After this wickets kept falling at regular intervals.

Joe Root batted at one end and got out after scoring 95 runs. Apart from him, none of the England batsmen could score a half-century. Captain Stokes' 33 and Ben Fox's innings of 35 runs brought England to the brink of victory, but Fox was caught out by Southee. At this time England needed seven runs to win. After this, Anderson took his team to the threshold of victory by hitting a four, but he was dismissed before the end of the match and New Zealand won the match by one run. For New Zealand, Wagner took four, Southee took three and Henry took two wickets. England's in-form batsman Harry Brook was run out and his run out was very heavy for the England team. Many records made in the match - This was only the second time in the history of Test cricket, when a team won by a margin of one run. Earlier in 1993, West Indies defeated Australia by one run at Adelaide ground. At the same time, this was the fourth match in Test cricket, when the team playing the follow-on won. First in 1894, England beat Australia by 10 runs after following on at Sydney ground.

After this, England defeated Australia by 18 runs in 1981 after playing the follow-on at Leeds ground. In 2001, India defeated Australia by 171 runs after following on in Kolkata.

Now New Zealand have defeated England by one run after following on.

# ICC announced the Most Valuable Team of the Women's T20 World Cup, only one Indian got a place

The Most Valuable Team includes four players from world champion Australia. These include wicket-keeper batsman Alyssa Healy, Ashley Gardner, Darcy Brown and Megan Schutt. The Women's T20 World Cup has come to an end. Australia won the title by defeating hosts South Africa by 19 runs in the final played in Cape Town. The Australian women's team won the title for the sixth time.




Now the ICC has announced the Most Valuable Team after the World Cup. Only one Indian player has got a place in this team. India's wicket-keeper batsman Richa Ghosh has been included in the ICC's Most Valuable Team on Monday. The 19-year-old Richa helped India reach the semi-finals. Richa could not do anything special only against Ireland and Australia in the semi-finals. He scored 31 not out against Pakistan, 44 not out against West Indies, 47 not out against England. He ended the tournament with a total of 136 runs. The Most Valuable Team includes four players from world champion Australia. These include wicket-keeper batsmen Alyssa Healy, Ashley Gardner, Darcy Brown and Megan Schutt. Healy scored 189 runs in the tournament at an average of 47.25, also contributing to the dismissal of four players. All-rounder Gardner scored 110 runs at 36.66, also taking 10 wickets. Darcy Brown took seven wickets and Schutt took 10 wickets. The team is selected by a panel of experts, including commentator and former West Indies player Ian Bishop and former Australian women's cricketer Melanie Jones. Talking about the final match, after winning the toss and batting first, Australia scored 156 runs in 20 overs losing six wickets. Beth Mooney played an unbeaten inning of 74 runs in 53 balls. In response, the South African team could score 137 runs losing six wickets in 20 overs. L Wolvaardt scored 61 off 48 balls. Most Valuable Team of the Women's T20 World Cup: Tajmin Brits (South Africa), Alyssa Healy (Australia), L Wolvaardt (South Africa), Nat Sciver-Brunt (Captain) (England), Ashley Gardner (Australia), Richa Ghosh (India), Sophie Ecclestone (England), Karishma Ramharac (West Indies), Shabnim Ismail (South Africa), D'Arcy Brown (Australia), Megan Schutt (Australia), Orla Prendergast (Ireland).

